प्रतिदिन सकारात्मक सोच का 3रा दशक अखबार प्रभात




# विवादित पोस्ट अपलोड करने पर सख्त कार्रवाई

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 3 अप्रैल-** रमजान माह और ईद शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद शहर की पुलिस अब आगामी रामनवमी, महावीर जयंती और हनुमान जयंती समारोह के लिए तैयार हो गई है. इन त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सीपी रेड्डी ने 3 अप्रैल को पुलिस आयुक्तालय हॉल में शांति समिति की बैठक की. सीपी रेड्डी ने विश्वास व्यक्त किया कि अमरावती शहर के सांप्रदायिक सद्भाव के इतिहास को देखते हुए जयंती और समारोह शांतिपूर्वक आयोजित किए जाएंगे. इस दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने वालों पर नजर रखने के लिए साइबर सेल में विशेष मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है. सीपी रेड्डी ने बैठक में यह भी चेतावनी दी कि विवादित पोस्ट अपलोड करने वालों के खिलाफ सीधे मामला दर्ज किया जाएगा.



## शांति समिति की बैठक में सीपी रेड्डी ने दी चेतावनी

शहर में 6 अप्रैल को राम नवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयंती और 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा. इस अवसर पर शहर के अधिकांश हिस्सों में बड़े पैमाने पर समारोह मनाए जाएंगे और भव्य जुलूस निकाला जाएगा. विभिन्न स्थानों पर महाप्रसाद का भी आयोजन किया जाएगा, इस अवसर पर पुलिस आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी ने आज पुलिस आयुक्तालय के सभागार में इन त्योहारों को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक की. बैठक में मनपा, महावितरण समेत सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. सीपी रेड्डी ने यह भी निर्देश दिया है कि जयंती समारोह के दौरान शहर के सभी मंदिरों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए.

बैठक में शहर के सभी पुलिस थानों के गणमान्य नागरिक, कमिश्नरेट स्तर की शांति समिति के सदस्य, कमिश्नरेट के तीनों डीसीपी, एसीपी और थानेदार तथा सभी शाखाओं के पुलिस निरीक्षक शामिल हुए. अमरावती शहर एक शांतिप्रिय शहर है और सभी समुदायों के लोगों ने हमेशा शांति ***शेष पृष्ठ 10 पर***

# दूसरे दिन भी बेमौसम बारिश ने ढाया कहर



## बिजली गिरने से भंडारा में दो की मौत

## कंवर नगर में पानी भरा

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती/नागपुर, 3 अप्रैल-** विदर्भ में मंगलवार से शुरू हुआ मौसम में बदलाव गुरुवार को भी जारी रहा. बुधवार की रात और गुरुवार को लगभग सभी जिलों में मूसलाधार बारिश के साथ तेज हवाएं और बिजली गिरी. अमरावती में बुधवार तड़के तेज बारिश के बाद गुरुवार को भी बारिश हुई. नागपुर में बुधवार शाम को तेज हवाओं के साथ भारी बारिश जारी रही. वहीं गुरुवार सुबह से ही तेज हवाओं के साथ भारी बारिश ने एक बार फिर नागपुर, वर्धा, भंडारा और विदर्भ के अन्य जिलों को अपनी चपेट में ले लिया है. भंडारा जिले में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई है.

राज्य की उप-राजधानी नागपुर के कई हिस्सों में सुबह से मध्यम से भारी बारिश होने लगी.वर्धा और भंडारा जिलों में भी तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है. लगभग विदर्भ के हर जिले में बारिश हो रही है, साथ ही तेज हवाएं और बिजली भी चमक रही हैं. इस बीच, क्षेत्रीय मौसम विभाग ने विदर्भ के सभी जिलों में तेज आंधी और ओलावृष्टि की संभावना जताई है.

### विदर्भ के प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम तापमान |
|---|---|
| अकोला | 37.1 |
| अमरावती | 34.4 |
| भंडारा | 25.0 |
| बुलढाणा | 34.3 |
| चंद्रपुर | 35.4 |
| गढ़चिरोली | 35.8 |
| गोंदिया | 27.5 |
| नागपुर | 26.4 |
| वर्धा | 29.0 |
| वाशिम | 35.6 |
| यवतमाल | 32.4 |

### अमरावती के कंवर नगर इलाके में पानी भरा

बुधवार तड़के और गुरुवार को हुई बेमौसम बारिश के कारण अमरावती के कंवर नगर स्थित बाबा हरदासराम सोसायटी के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई कांक्रीट सड़क की हालत बेहाल हो गई. यहां के निवासियों के घरों में भारी मात्रा में ***शेष पृष्ठ 10 पर***

## अॅकेडमिक हाइस्कूल के प्रांगण पर मृतदेह

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 3 अप्रैल-** नागपुरी गेट थाने की सीमा में स्थित अॅकेडमीक हाइस्कूल के प्रांगण पर शिक्षा उपसंचालक कार्यालय की दिवार को सटकर एक अज्ञात युवक का मृतदेह दिखाई दिया. मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है. घटना की जानकारी मिलते ही नागपुर गेट पुलिस ने तत्काल घटनास्थल का पंचनामा करके मृत देह पोस्टमार्टम के लिए इर्विन भेजा. समाचार लिखे जाने तक मृत की पहचान नहीं हुई. फिलहाल इस संबंध में पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज करके जांच प्रारंभ की.

## कपड़े खरीदी विवाद में युवक पर हमला


**धामणगांव रेल्वे, 3 अप्रैल-** स्ट्रेचेबल जीन्स क्यों नहीं खरीदी इस कारण को लेकर विवाद करके एक सिरफिरे आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला करके उसे गंभीर धायल कर दिया. अनिकेत अनिलराव लोखंडे (26) गंभीर घायल व्यक्ती का नाम है. धामणगांव रेवले शहर की दत्तापुर थाने की सीमा में स्थित जलगांव आर्वी गांव में यह घटना घटी इस संबंध में पुलिस ने गांव के ही आरोपी पवन रमेश शेलके (27) के खिलाफ अपराध दर्ज करके जांच प्रारंभ की.

# 24 बार बंद होने से 600 परिवार सड़क पर

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 3 अप्रैल-** अमरावती जिला परमिट रूम एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा है कि बार चालकों पर लादे गए 10 प्रतिशत वैट व अनाधिकृत शराब बिक्री करने वाले और ग्राहकों को शराब पीने की जगह उपलब्ध करवाने वाले अवैध ढाबों व हाथ गाड़ियों के साथ-साथ वार्षि फीस में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी के कारण अमरावती जिले में 24 बार झ परमिट रूम बंद हुए हैं. बार-परमिट रूप के व्यवसाय के भरोसे अपना घर चलाने वाले वेटर, किराणा, अंडे, मांस, पापड़, चने, सब्जियां सहित अन्य माल की आपूर्ति करने वाले 600 परिवार रास्ते पर आ गए हैं.

## सरकार को 15 करोड़ का नुकसान- मोहोड



वाईन शाप में बार की अपेक्षा शराब सस्ती मिलने के कारण ग्राहक दुकान से शराब खरीदकर अवैध ढाबों में चले जाता है जहां मनमाफिक सेवाएं मिलने के कारण बार के 50 प्रतिशत ग्राहक कम हो गए हैं. कई ढाबा चालक तो स्वयं ही स्टॉक जमाकर शराब बिक्री करते हैं. एक्साईज और पुलिस विभाग की लापरवाही के चलते ऐसे अवैध ढाबों का व्यवसाय बार - परमिट रूम की अपेक्षा दोगुना बढ़ गया है. क्योंकि इन्हें न तो हिसाब देना पड़ता है और न ही वैट के साथ-साथ वार्षिक फीस ही देनी पड़ती है.

जिला प्रशासन व पुलिस विभाग को बार-बार लिखित रूप से अवगत कराने तथा बैठकों में व्यक्तिगत रूप से बताने के बावजूद उनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई. वर्तमान में शराब की दुकान के लाइसेंस की लागत दस करोड़ से अधिक हो गई है, क्योंकि शराब की बिक्री तीन गुनी हो गई है. यदि सरकारी विभाग शराब की दुकानों की बिक्री और बार की बिक्री पर नजर डालें, तो उन्हें शराब की दुकानों की बिक्री में तीन गुना वृद्धि और वाइन बार की बिक्री में आधी कमी नजर आएगी.

नितिन मोहोड ने कहा कि शहर में नकली शराब बेचने वाली एक फैक्ट्री पकड़ी गई. नकली भारतीय निर्मित विदेशी शराब का आयात किया जा रहा है और बड़ी मात्रा में बेचा जा रहा है. शराब की दुकान के मालिक खुद ही शराब को ढाबे तक पहुंचाते हैं. हमने इस संबंध में सरकार द्वारा गठित समिति के समक्ष भी ये मुद्दे उठाए हैं, उसके बाद आबकारी मंत्री और उपमुख्यमंत्री अजीत दादा पवार के साथ बैठक की गई और समस्याओं से अवगत कराया गया. हालांकि, उन्होंने शुल्क वृद्धि कम नहीं ***शेष पृष्ठ 10 पर***

## फिर किया उसी अल्पवयीन का अपहरण

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**

**वरुड़, 3 अप्रैल**-एक सिरफीरे 30 वर्षीय आरोपी ने 17 वर्ष की अल्पवयीन लड़की का अपहरण किया. इस संबंध में शिकायत दाखिल होने के बाद पुलिस ने लड़की को खोजकर उसके माता-पिता के हवाले किया गया. किंतु आरोपी ने पुनः उसी लड़की का अपहरण करने की यह घटना वरूड़ थाने की सीमा में घटी इस संबंध में पुलिस ने आरोपी गोलू उर्फ ज्ञानेश्वर गावंडे (निवासी उदापुर) के खिलाफ अपराध दर्ज किया है. उल्लेखनीय है कि गोलू ने इससे पूर्व 14 जनवरी को इसी लड़की का अपहरण किया था पुलिस मामले की जांच कर रही है.

